विदेशी एमबीबीएस डॉक्टरों को फर्जी सर्टिफिकेट बेचने वाला सरगना एसओजी के हत्थे चढ़ा

थाईलैंड और दुबई में छिपा था मुख्य आरोपी, कजाकिस्तान से लौटा डॉक्टर बना दलाल

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आने वाले अभ्यर्थियों को फर्जी स्क्रीनिंग टेस्ट पास सर्टिफिकेट मुहैया कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसओजी ने गिरोह के मुख्य सरगना सहित एक अन्य डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह उन डॉक्टरों को निशाना बनाता था जो भारत में प्रैक्टिस के लिए जरूरी विदेशी मेडिकल स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) परीक्षा पास नहीं कर पाते थे।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया कि विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आने वाले अभ्यर्थियों को फर्जी स्क्रीनिंग टेस्ट पास सर्टिफिकेट मुहैया कराने वाले मुख्य आरोपी भानाराम माली उर्फ भानू (30) निवासी ब्यावर पिछले काफी समय से फरार था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह थाईलैंड, श्रीलंका, दुबई, कजाकिस्तान और नेपाल जैसे देशों में ठिकाने बदल रहा था। एसओजी की टीम को सूचना मिली कि वह दिल्ली पहुंचने वाला है। जिस पर टीम ने जाल

- **विदेश से डिग्री लेकर आए 73 अन्य डॉक्टरों की भूमिका भी जांच रही एस.ओ.जी.**

बिछाकर उसे एयरपोर्ट से दस्तयाब कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी फिलहाल सात फरवरी तक पुलिस रिमांड पर है।

जांच में एक और चौंकाने वाला नाम सामने आया है। एसओजी ने डॉ. इन्द्रराज सिंह गुर्जर (27) निवासी करौली को भी गिरफ्तार किया है। इन्द्रराज खुद कजाकिस्तान से एमबीबीएस कर लौटा था, परंतु परीक्षा पास नहीं कर सका। उसने आरोपी भानाराम को पैसे देकर दिसंबर 2022 का कूटरचित एफएमजीई सर्टिफिकेट प्राप्त किया। इसी फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर उसने अलवर के राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज से इंटर्नशिप पूरी की और प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन भी हासिल कर लिया। बाद में वह अन्य अभ्यर्थियों को भी फर्जी सर्टिफिकेट दिलवाने के खेल में शामिल हो गया।

एसओजी की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इस गिरोह ने दर्जनों अभ्यर्थियों को फर्जी दस्तावेज बांटे हैं। वर्तमान में विदेश से डिग्री लेकर आए 73 अन्य डॉक्टरों की भूमिका की गहनता से जांच की जा रही है, जिन्होंने संभवत इसी गिरोह के माध्यम से कूटरचित प्रमाणपत्र हासिल किए हैं। पुलिस ने इनके खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई में डीआईजी परिस देशमुख के निर्देशन में अनुसंधान अधिकारी हरपाल सिंह और जितेंद्र नवारिया ने इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया।

1.18 करोड़ की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। राजधानी में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) और सांगानेर थाना पुलिस ने एक शातिर नशा तस्कर कल्याण सिंह (22) निवासी जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 589.95 ग्राम स्मैक बरामद की है। पकड़ी गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ 18 लाख रुपये आंकी जा रही है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर ठगों का नया जाल

जयपुर । घर बैठे आसान कमाई का सपना देखने वालों के लिए एक खतरनाक जाल बिछाया जा रहा है। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम के निर्देशन में साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट ने एक ऐसे ट्रेंड का खुलासा किया है, जो कैप्चा सॉल्विंग के नाम पर मासूम लोगों की मेहनत की कमाई डकार रहा है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम विकास शर्मा ने बताया कि ठगों की कार्यप्रणाली बेहद शातिर है। ये जालसाज फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स पर लुभावने विज्ञापन चलाते हैं। विज्ञापन में दावा किया जाता है कि आपको केवल स्क्रीन पर दिखने वाले कैप्चा कोड टाइप करने हैं और बदले में आप हर महीने हजारों रुपये कमा सकते हैं। न्यूनतम प्रयास और अधिकतम लाभ का लालच बेरोजगार युवाओं और गृहणियों को आसानी से अपनी ओर खींच लेता है। जैसे ही कोई व्यक्ति इनके झांसे में आता है, उसे एक फर्जी जॉब एग्रीमेंट दिखाया जाता है ताकि सब कुछ असली लगे। इसके बाद शुरू होता है वसूली का खेल। कभी सॉफ्टवेयर चार्ज, कभी ट्रेनिंग फीस तो कभी सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर पीड़ित से हजारों रुपये जमा करवा लिए।

बिना आयोडिन का 92 हजार किलो नमक जब्त

जयपुर । मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेशभर में मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुद्ध आहार-मिलावट पर आहार अभियान के तहत शुक्रवार को 92 हजार किलो से अधिक नमक जब्त किया, जिसमें आयोडीन नहीं था। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि शुद्ध आहार-मिलावट पर अभियान के तहत शुक्रवार को अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय दल के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नावा सिटी स्थित नमक फैक्ट्री मैसर्स कस्तूरी कैमफूड प्रा.लि. पर कार्रवाई की गई। यहाँ पर टीटू ब्रांड नाम से लगभग 92 हजार 500 किलो नमक मौके पर पाया गया, जिसकी आयोडिन स्पॉट टेस्ट किट से जाँच करने पर पाया गया कि नमक में आयोडिन की मात्रा नहीं थी। फर्म मालिक राहुल काला ने भी नमक में आयोडिन नहीं होना स्वीकार किया। मौके से नमक का सैंपल एफएसएस एक्ट के तहत लिया गया। लगभग 92 हजार 500 किलो नमक मौके पर सीज किया गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

जलदायकर्मी 9 फरवरी को करेंगे प्रदर्शन

जयपुर। प्रान्तीय नल मजदूर यूनियन (इंटक) जयपुर के आव्हान पर 9 फरवरी को सैकड़ों कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पानी पेच जयपुर पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत एवं जिला अध्यक्ष ताराचन्द सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि विभाग द्वारा लंबे समय से जलदाय कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इसी के विरोध में यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर जलदाय कर्मचारियों की आम सभा भी आयोजित की जाएगी, जिसमें कर्मचारियों की मांगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

वास्तुकार प्रमोद जैन को 12वाँ ऑल इंडिया स्टोन आर्किटेक्चरल अवॉर्ड

जयपुर । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रसिद्ध वास्तुकार प्रमोद जैन को उनके उत्कृष्ट प्रोजेक्ट मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर जोधपुर के लिए प्रतिष्ठित 12वाँ ऑल इंडिया स्टोन आर्किटेक्चरल अवॉर्ड (आइसा)- 2025 प्रदान किया। वास्तुकार प्रमोद जैन को बतौर पुरस्कार ट्रॉफी और 1 लाख की नकद राशि प्रदान की गई। उन्हें यह सम्मान जेईसीसी सीतापुरा में आयोजित इंडिया स्टोन मार्ट में शुक्रवार शाम को दिया गया।

पुरस्कार प्रशस्ति पत्र में वास्तुकार जैन को एक दूरदर्शी वास्तुकार बताते हुए पत्थर के अभिनव और उत्कृष्ट उपयोग के लिए उनकी सराहना की गई। जूरी ने विशेष रूप से मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर को जोधपुर की समृद्ध स्थापत्य विरासत से प्रेरित एक उत्कृष्ट भवन बताया। स्थानीय सूरसागर सैंडस्टोन से निर्मित यह भवन पारंपरिक पत्थर निर्माण तकनीकों को समकालीन और नवाचारी शैली में प्रस्तुत करता है। इसकी आकर्षक मुखाकृति, भव्य प्रवेश द्वार और सूक्ष्म पारंपरिक अलंकरणों की विशेष प्रशंसा की गई। इस पुरस्कार चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया गया, जिसमें काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर (सीओए), नई दिल्ली, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीरियर डिज़ाइनर्स (आई आईआईडी), मुंबई के अध्यक्ष तथा इंडियन सोसाइटी ऑफ लैंडस्केप आर्किटेक्ट्स (आइसोला) के अध्यक्ष शामिल थे।इससे पूर्व भी वास्तुकार प्रमोद जैन को लगातार राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) जयपुर के लिए डिज़ाइन स्केप अवॉर्ड-2024 तथा एमआईसी, जोधपुर के लिए वर्ष 2025 में मिल चुका है।

32वां ध्रुवपद समारोह 10 को

जयपुर (कासं)। इन्टरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट एवं रसमंजरी संगीतोपासना केन्द्र, जयपुर द्वारा पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर की सहभागिता में राजस्थान की ध्रुवपद - विरासत के हस्ताक्षर ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पं लक्ष्मण भट्ट तैलंग की पुण्यतिथि 10 फरवरी को 32वां अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद-निनाद विरासत समारोह जयपुर ध्रुवपद धरोहर आयोजित किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र के कृष्णायन सभागार में सायं 6 बजे से विभिन्न प्रस्तुतियां होंगी। इसका प्रारम्भ भारत के 150 वर्ष पूर्ण कर चुके राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के गौरव-गान से होगा, उसकी गुण-बखान की विविधता के भाव के अनुरूप परम्परागत धुन को नवीन ध्रुवपद के छंद में कुछ नये स्वर - संयोजनों के सौन्दर्य के साथ विस्तार दिया जायेगा, जिसे ध्रुवपद - गायिका प्रो. मधु भट्ट तैलंग के निर्देशन में उनके शिष्य प्रस्तुत करेंगे।

सार-समाचार

डॉ. लीलाधर के काव्य संग्रह का विमोचन

जयपुर । सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत उप निदेशक डॉ. लीलाधर दोचानिया के नव प्रकाशित कविता संग्रह "जिन्दगी मुस्कुराती रहे..." का विमोचन शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संपन्न हुआ। विमोचन वरिष्ठ साहित्यकार और फिल्म लेखक त्रिलोक चंद कौशिक, महाराष्ट्र के वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा खटाते ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लीलाधर अपनी कविताओं के जरिये एक मुस्कुराते हुए समाज का स्वप्न देखते है और उन चीजों की गहरी पड़ताल करते है जो हमें निरंतर अमानुष बना रही है। कविताएं नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सन्देश देती है। जीवन की सहज अनुभूतियों और संवेदनाओं को प्रकट करता कविता संग्रह समाज और जीवन की विसंगतियों और सच्चाइयों को रेखांकित करती है। कवि की गहन सोच शब्दों के माध्यम से प्रकट होती है। ऐसा लगता है कविताएं उनके मन की अकुलाहट और चिंतन का साक्षात परिणाम है। समारोह में लीलाधर ने भी अपनी कुछ रचनाओं का वाचन किया। समारोह का संयोजन सीमा वालिया ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी, नाटककार और जाने माने कलाकार ईश्वर दत्त माथुर, वरिष्ठ लेखक और पत्रकार बाल मुकुंद ओझा, वरिष्ठ साहित्यकार नन्द भारद्वाज, वरिष्ठ जनसम्पर्ककर्मी और कवि गोविन्द शर्मा, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी कनिष्क सैनी, कमांडेंट सतवीर सिंह, दलीप सिंह सहित अनेक प्रमुख लोग उपस्थित थे।

न्यू लोहा मंडी तक हटाए अतिक्रमण

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने सीकर रोड पर 200 फीट बाईपास से न्यू लोहामंडी क्षेत्र तक करीब 2 किलोमीटर दूरी में अवैध अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। यह कार्रवाई 100 फीट सड़क पर सुगम यातायात मुहैया करवाने के उद्देश्य से की गई। इसके अलावा करीब 5 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त किया। इसी प्रकार सड़क मोड से मुख्य दिल्ली रोड आमेर, कुण्डा चैक पोस्ट तक भी अतिक्रमण हटाए गए। जे.एल.एन. मार्ग पर बिरला मंदिर से रामनिवास बाग तक दोनों तरफ सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया। महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया सीकर रोड पर 100 फीट सड़क सीमा में अवैध अतिक्रमणों के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही थी। इसके लिए शुक्रवार को 200 फीट बाईपास से न्यू लोहा मण्डी तक 100 फीट सड़क सीमा में आ रहे चबूतरे, सीढ़ियां, लोहे के गेट, बाउण्ड्रीवाल, लोहे के ऐंगल, टीनशेड, रेलिंग, थडियां, ठेले, बांस-तम्बू, तिरपाल, काउण्टर, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग औश्र साईन बोर्ड हटाए गए। इसके अलावा बस्सी के ग्राम भवासाई ईशरवाला में 5 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन और बिना भू रूपान्तरण करवाए काटी जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। यहां पर अवैध कॉलोनी के लिए भूमि समतल करके मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल और अन्य अवैध निर्माण कर लिए गए थे।

महेन्द्र सिंह बने कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष

जयपुर । जल भवन में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ का विशाल प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन ने प्रदेश की कर्मचारी राजनीति में एक नया इतिहास रच दिया, जहाँ श्रीगंगानगर से जैसलमेर और धौलपुर से बाड़मेर तक, राजस्थान के प्रत्येक जिले से आए हजारों कर्मचारियों के सैलाब ने संगठन की अटूट एकता का प्रदर्शन किया। प्रदेश प्रवक्ता बलराम गुर्जर ने बताया कि अधिवेशन के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता देते हुए, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश पारीक ने संघ के संविधान की धारा 12(घ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह की गूँजती तालियों और नारों के बीच महेन्द्र सिंह धायल (वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग) को कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष मनोनीत करने की घोषणा की। राजेश पारीक ने प्रदेश की समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी को तत्काल भंग करने का आदेश जारी किया।

भ्रामक विज्ञापन पर सलमान खान को राहत

जयपुर (कासं)। राज्य उपभोक्ता आयोग ने राजश्री पान मसाला के भ्रामक विज्ञापन से जुडे मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान को राहत दी है। इसके साथ ही आयोग ने जिला उपभोक्ता आयोग, द्वितीय को कहा है कि अवमानना करने वाले व्यक्ति पर यदि जमानती वारंट की तामील नहीं हो तो उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं किए जाए। आयोग पुनः जमानती वारंट जारी कर सकता है, लेकिन गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं किया जाए। आयोग अध्यक्ष देवेन्द्र कच्छावा और सदस्य सुरेन्द्र सिंह व करुणा जैन ने यह आदेश राजश्री पान मसाला की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

सीवर लाइन की मांग

जयपुर । पत्रकार कॉलोनी विकास समिति ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इस कॉलोनी में आसपास की शेष बची कॉलोनियों को सीवरेज लाइन से जोड़ने की मांग की है। पत्रकार कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष अजीत तिवारी, संरक्षक श्याम सुंदर शर्मा, महासचिव नरेंद्र सर्वोदयी, उपाध्यक्ष डौ. जे.पी. गुप्ता, तथा राजीव जैन, ने पत्रकार कॉलोनी को शीघ्र शिवराज लाइन से जोड़ने की मांग है। पत्रकार कॉलोनी विकास समिति ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में इस कॉलोनी व आसपास की शेष बची कॉलोनियों को सीवरेज लाइन से जोड़ने की मांग करते हुए बताया कि 22 वर्ष पूर्व सृजित यह कॉलोनी आज भी सीवर लाइन से वंचित है।

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालने वाला युवक गिरफ्तार

जयपुर । सोशल मीडिया पर रसूख दिखाने के लिए अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड करने वाले युवाओं के खिलाफ जयपुर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन आग के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जयपुर पश्चिम) हनुमान प्रसाद ने बताया कि शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस की साइबर टीम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे लोगों की निगरानी कर रही थी। जिन्होंने हथियारों के साथ अपनी फोटो पोस्ट की थी। निगरानी के दौरान एक युवक का फोटो देशी कट्टे के साथ मिला। जिसे पुलिस ने तुरंत चिन्हित किया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और एसीपी (झोटवाड़ा) आलोक सैनी के सुपरविजन में थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रोड नंबर 9 स्थित सेंट्रल कॉलोनी में शनि देव मंदिर के सामने घेराबंदी की। वहां मौजूद संदिग्ध राजकुमार उर्फ गुड्डु (22) की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा हथियार

का लाइसेंस मांगने पर वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

गिरफ्तार आरोपी राजकुमार उर्फ गुड्डु मूलतः अनाह गेट (भरतपुर) का रहने वाला है और वर्तमान में मुरलीपुरा के सीकर रोड स्थित रोड नंबर 8 पर किराए से रह रहा था। अब पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह हथियार कहां से लेकर आया था और उसका उद्देश्य क्या था। इस सफल कार्रवाई में थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील के साथ हेड कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल लोकेश, कान सिंह और महेश की विशेष भूमिका रही।

पीएम कुसुम योजना में प्रदेश ने 3 हजार मेगावाट क्षमता अर्जित की

राजस्थान अक्षय एवं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पीएम कुसुम योजना (कम्पोनेन्ट ए तथा सी) में राजस्थान ने तीन हजार मेगावाट की क्षमता अर्जित की है। डबल इंजन सरकार के विजन से किसान 'अन्नदाता' के साथ 'ऊर्जादाता' और प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर' बन रहा है। मुख्यमंत्री ने पीएम कुसुम योजना की इस उपलब्धि के लिए मेहनती किसानों, ऊर्जा विभाग और राजस्थान डिस्कॉम्स के कार्मिकों को बधाई दी है। राजस्थान अक्षय ऊर्जा एवं सौर ऊर्जा के साथ-साथ पीएम कुसुम योजना कम्पोनेन्ट ए तथा सी में देश का अग्रणी राज्य है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को अब दिन में बिजली मिल रही है। साथ ही, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कम्पोनेन्ट बी में सोलर पम्पसेट लगाने पर अनुदान भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही पीएम-कुसम योजना के कम्पोनेन्ट-सी के अन्तर्गत विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर चुके प्रदेश के ऊर्जादाताओं तथा डवलपरों के लिए केन्द्रीय वित्तीय सहायता स्वीकृत हुई है। केन्द्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रथम चरण में 46 करोड़ 64 लाख़ रूपए की केन्द्रीय वित्तीय सहायता जारी करने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए बताए गए उपायों के लिए क्या किया?

राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से इस प्रकरण में जवाब मांगा

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि प्रदेश में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अदालत की ओर से पूर्व में बताए उपायों के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है। वहीं शेष काम कब तक पूरा कर लिया जाएगा। जस्टिस रवि चिरानिया की एकलपीठ ने यह आदेश साइबर अपराध से जुड़े मामले में दायर जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में एसीएस गृह भास्कर ए. सावंत, डीजी कानून व्यवस्था संजय संजय अग्रवाल, एडीजी साइबर क्राइम वीके सिंह सहित विधि सचिव अदालत में हाजिर हुए। अदालत ने कहा कि वे मामले में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हैं, लेकिन पुलिस कमिश्नर को बुलाने के बाद भी अब तक ऐसे मामलों में कुछ नहीं किया गया। अदालती आदेश के बावजूद साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर नहीं बना है। इस पर एसीएस भास्कर सावंत ने कहा कि इसके लिए करीब दस हजार वर्गफीट जगह चाहिए। मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी है। उन्होंने भी सेंटर बनाने का आश्वासन दिया है। इस पर अदालत ने कहा कि कोई समस्या हो तो बताओ, हम न्यायिक आदेश जारी कर देते हैं। आप बिल्डिंग चिन्हित करो, आदेश हम कर देते हैं। वहीं एफएसएल विंग में कर्मचारियों की कमी को लेकर वीके सिंह ने कहा कि आरपीएससी की परीक्षा में योग्य उम्मीदवार नहीं मिले। इस पर अदालत ने कहा कि सालों से जो संविदा पर काम कर रहे हैं, उनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। जिला मुख्यालय पर साइबर अपराध विशेषज्ञ सरकारी वकील की नियुक्ति पर एसीएस ने कहा कि हर जिला मुख्यालय पर एक और हाईकोर्ट की दोनों पीठ में एक-एक विशेषज्ञ सरकारी वकील नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। पन्द्रह दिन में सभी नियुक्तियां हो जाएगी। अदालती की ओर से डिजिटल उपकरणों की खरीद के मामले में जानकारी देते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि अधिकतर केस सिम कार्ड और बैंक खातों से जुडे हैं, लोग अपने सिम कार्ड और बैंक खाते इन्हें बेच देते हैं। इन्हे चिन्हित कर ब्लॉक करने का काम भी चल रहा है। अदालत ने चिंता जताई की गीग वर्कर्स के रूप में घरों में कौन घुस रहा है, किसी को पता नहीं है। पंजीकृत एक व्यक्ति है, लेकिन आता दूसरा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने हल्के अंदाज में कहा कि आज भी हाईकोर्ट को बम से उडाने की धमकी मिली है, लेकिन हमेशा कोर्ट को ही यह धमकी क्यों मिल रही है। आज तक पुलिस के भवन में बम धमाका करने की ई-मेल किसी ने नहीं भेजी।

रीको के 24 नए औद्योगिक क्षेत्रों में मिलेगा पेयजल

जयपुर । रीको द्वारा प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रीको के 24 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगभग 143 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था पीएचईडी के माध्यम से करवाई जाऐगी।

- **इस प्रोजेक्ट पर करीब 143 करोड़ रुपए खर्च होंगे**

रीको के नवीन औद्योगिक क्षेत्र बड़गांव (सिरोही), मसूदा, किशनगढ़-6 एवं खोडा (अजमेर), रामा आसपुर (डूंगरपुर), प्रतापगढ़ एक्सटेंशन (प्रतापगढ़), कोटड़ा (धौलपुर), करनपुरा, उखालिया, फतेहपुरा समेलिया (भीलवाड़ा), मलसीसर (झुन्झुनूं), खुडियाला एवं तिंवरी (जोधपुर), सियामाली एवं बडी सीड (फलौदी), हरसौर (नागौर), श्रीराम जानकी राजास (डीडवाना-कुचामन), डोला जागीर, नाडोल एवं वरकाना (पाली), स्टोन पार्क मासलपुर (करौली), श्रीराम जानकी जटलाव गोठडा (सवाई माधोपुर), मऊ एवं नीमकाथाना-द्वितीय (सीकर) में कार्यरत इकाइयों को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा । रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार ने बताया कि रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यिमयों व कामगारों को आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध की जा रही है। रीको का हरसंभव प्रयास रहा है कि निवेशकों को रीको औद्योगिक क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित करने एवं उनके संचालन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो ताकि वे निर्बाध रूप से अपने उद्योगों को संचालन कर सकें। इसी उद्देश्य से रीको प्रदेश में औद्योगिक ढांचे के सर्वांगीण विकास में जुटा है।

दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स का सम्मान

जयपुर (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राष्ट्रीय कैडेट कोर को विद्यार्थी जीवन को गढ़ने वाला बताते हुए कहा कि यह देश का अनुशासित, राष्ट्र प्रतिबद्ध सैन्य प्रशिक्षण से ही जुड़ा संगठन नहीं है बल्कि आपदा काल में देश सेवा से जुड़ा भी प्रमुख संगठन है। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में राजस्थान कैडेट्स के परेड में भाग लेने और सांस्कृतिक आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

राज्यपाल बागडे शुक्रवार को लोकभवन में दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स के सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं के चरित्र निर्माण के साथ-साथ सेवा और एकता की भावना जगाने वाला संगठन है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स एक बार इसमें आता है तो फिर हमेशा राष्ट्र के लिए समर्पित हो जाता है। उन्होंने सभी को देश को समृद्ध बनाने में भूमिका निभाने का आव्हान किया।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने एनसीसी को चरित्र निर्माण की पाठशाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार इस संगठन के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के लिए कार्य करने का आव्हान किया। इससे पहले राज्यपाल बागडे ने एनसीसी के विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर मोनिका, सलोनी यादव, नमन चौधरी, आयुषी जैन और अंडर ऑफिसर युवराज राठौड़ को लोकभवन में सम्मानित किया। उन्होंने चयनित कैडेट्स को उपहार भी प्रदान किए। कर्नल नितिन ने गणतंत्र दिवस परेड में राजस्थान के एनसीसी कैडेट्स के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया।

- **राष्ट्रीय कैडेट कोर विद्यार्थी जीवन को गढ़ने वाला : बागड़े**
- **समारोह में कैडेट्स ने लोक संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां दी**

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका और राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी भी उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर राजस्थान की लोक संस्कृति और परम्पराओं से जुड़ी नृत्य और संगीत प्रस्तुतियां दी। बिड़ला बालिका विद्यापीठ, पिलानी की छात्राओं ने गणतंत्र दिवस परेड के दौरान प्रस्तुत राष्ट्र भक्ति से जुड़ी मधुर धुनें बैंड पर पेश की।